NT>
Title: Requests the Central Government to include the Members of Parliament in S.R.Y. (Sunishchit Rojgar Yojana) and J.R.Y. (Jawahar Rojgar Yojana).

श्री मित्रसेन यादव (फैजाबाद): माननीय सभापति जी, किसी भी कल्याणकारी सरकार का फर्ज है कि जनप्रतिनिधियों का आदर करे। उत्तर प्रदेश सरकार ने गाइडलाइंस जारी की हैं कि उत्तर प्रदेश के माननीय सांसदों की एस. एंड डी. में, ऊर्जा समिति में, शिक्षा समिति में और पूर्वांचल विकास निधि में भागीदारी नहीं होगी। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन कर रहा हूं कि उत्तर प्रदेश सरकार ने ऐसी गाइडलाइंस जारी की हैं कि उत्तर प्रदेश के सांसद उत्तर प्रदेश की ि वकास निधियों में भागीदार नहीं होंगे। इसलिए मेरा आपसे पुनः अनुरोध है कि केन्द्र सरकार द्वारा पोषित योजनाओं एस.आर.वाई और जे.आर.वाई. में माननीय सांसदों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

>

श्री गंगा चरण राजपूत (हमीरपुर) (उ.प्र.) : हम लोग इसका समर्थन करते हैं। ... (व्यवधान)

श्री फग्गन सिंह कुलस्ते (मण्डला) : सभापति महोदय, मैं एक विशेष घटना के संबंध में यह जानकारी देना चाहता हूं कि मध्य प्रदेश का मंडला जिला एक आदि वासी जिला है और निरंतर

... (व्यवधान)

श्री गंगा चरण राजपूत : सभापति महोदय, ऐसा निर्देश है कि माननीय सांसदों को सारी समितियों में रखा जाए

... (व्यवधान)

यहां संसदीय कार्य मंत्री बैठे हुए हैं ... (व्यवधान) आप उनको इस बारे में बोलने के लिए कहें

... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: I cannot compel the hon. Minister to react.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Please do not waste the time of the House. The hon. Minister is not reacting.

... (Interruptions)

श्री गंगा चरण राजपूत : सभापति महोदय, यह एक बहुत बड़ा सवाल है। यह किसी एक सांसद का नहीं सारे सांसदों का सवाल है

... (व्यवधान)

सभापति महोदय : आप इतने सीनियर मैम्बर हैं, आपको मालूम होना चाहिए कि मिनिस्टर को कैसे कम्पैल कर सकते हैं।

श्री गंगा चरण राजपूत : सर, फिर जीरो ऑवर का क्या मतलब है, सांसदों के अधिकारों का हनन हो रहा है

... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Will you please sit down?

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Why do you not sit down? Please sit down.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: If you do not want `Zero Hour', I will adjourn the House.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: The hon. Minister is not reacting. How can I compel him?

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: If the Government want to say anything, they can say. I cannot compel. You are a senior Member. You should know that.

... (Interruptions)